# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग बागसेवनिया, भोपाल मध्य प्रदेश – 462043

Tel.(o) 0755-2418043 , E-mail : director-bhopal@csu.co.in


**सं. एफ.4 (432)/के.सं.वि/प्रशा/विविध-डिस्पोज़ल-स्क्रैप/2025-26** **दिनांक**:- 18.02.2026

## सूचना-2026/303

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में उपलब्ध पुरानी रद्दी की खरीद के इच्छुक सभी कबाड़ियों को सूचित किया जाता है कि पुरानी रद्दी सामग्री (उत्तर पुस्तिकाएं एवं अन्य परीक्षा संबंधी दस्तावेज) की बिक्री मौके पर उपलब्धता के आधार पर की जाएगी।

इस संबंध में यह भी सूचित किया जाता है कि कबाड़ी को विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के समक्ष ही रद्दी को काटकर निष्पादन हेतु आगे पेपर मिल को भेजना होगा व पुरानी रद्दी की खरीद के उपरांत संबंधित पेपर मिल से रद्दी का रि-साइकिलिंग (Re-cycling) संबंधी प्रमाण-पत्र शीघ्रातिशीघ्र परिसर प्रशासन में जमा करवाना अनिवार्य होगा। सामग्री की खरीद के लिए कबाड़ी को रि-साइकिलिंग (Re-cycling) प्रमाण पत्र के एवज **रुपए 1,500/- (रुपए एक हजार पाँच सौ मात्र)** की जमानती राशि आवेदन के साथ विश्वविद्यालय परिसर में जमा करवाना आवश्यक होगा, जोकि रि-साइकिलिंग (Re-cycling) प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय परिसर में प्राप्ति के उपरांत वापस कर दी जाएगी।

अतः इच्छुक कबाड़ियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.02.2026 सायं 05:00 बजे तक रद्दी सामग्री की खरीद हेतु सील बंद लिफ़ाफ़े में अपनी दरें अंकित कर निदेशक कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल-462043 में जमा करवाएं। सभी निविदाएं दिनांक 27.02.2026 को कक्ष संख्या 103 में प्रातः 11:00 बजे सक्षम अधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जाएगी। आमंत्रित निविदाओं में प्राप्त उच्चतम दर के आधार पर कबाड़ी उपरोक्त शर्तों के साथ उक्त रद्दी सामग्री लेने का पात्र होगा।

**(प्रो. हंसधर झा)**
**(निदेशक)**

**प्रतिलिपिः-**

1. तकनीकि सहायक- उक्त सूचना को परिसर की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
2. लेखा विभाग, भोपाल परिसर
3. केयरटेकर, भोपाल परिसर

**(निदेशक)**

<u>**पुरानी रद्दी हेतु प्रपत्र**</u>

**फर्म का नामः**

**पताः**

**अंकित दरें: ............................... प्रति किलोग्राम**

**हस्ताक्षर :**

**नोटः इस प्रपत्र के साथ एक पहचान पत्र (वोटर आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि) की प्रतिलिपि लगाएं।**

**दूरभाष/Tel.(o)** 0755-2418043 , **ई-मेल/E-mail** : director-bhopal@sanskrit.ac.in